**19/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

आज समाचारों की शुरुवात एक दुखद खबर के साथ, प्रसिद्ध असमिया गायक और कलचरल आइकन ज़ुबीन गार्ग की सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में मृत्यु हो गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंगापुर पुलिस ने उन्हें बेहोशी की हालत में समुद्र से निकाला और तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। गहन चिकित्सा में रखने के बावजूद, डॉक्टर्स उन्हें बचा नहीं पाए। ज़ुबीन नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में परफॉर्म करने के लिए सिंगापुर में थे, जहां आज उनका कार्यक्रम था। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गायक ज़ुबीन गार्ग के अचानक हुए निधन पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने संगीत के क्षेत्र में ज़ुबीन के योगदान और गायन को याद किया। इधर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी शोक संतप्त परिवार को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

0000000000000000000000

ज़ुबीन गार्ग की असमय निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अरुणाचल प्रदेश लिट्रेरी सोसाइटी के अध्यक्ष पद्मश्री येशी दोरजी थोंगची ने कहा कि, डॉ. भूपेन हजारिका के बाद वे असमिया संगीत के एक महान कलाकार थे, जिनकी लोकप्रियता आज और पूर्व के सभी गायकों से कहीं ज़्यादा थी।

उनकी अचानक मृत्यु से दुनिया ने एक महान गायक, संगीतकार, गीतकार और फिल्म निर्माता को खो दिया है। श्री थोंगची ने शोक संतप्त परिवार के प्रती गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की।

0000000000000000000000

देश इस महीने 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 60वीं वर्षगांठ मना रहा है और इस अवसर पर उन वीरों के बलिदान और साहस को याद किया जा रहा है जिन्होंने उस भीषण युद्ध में हिस्सा लिया था। कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मान देने के लिए सरकार कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में पूर्व सैनिकों और युद्ध के शहीदों के परिवारों से मुलाकात की और 60 साल पहले पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाया।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ जियोस्पेशियल वर्ल्ड की प्रेसिडेंट अनु नेगी और डायरेक्टर स्वाति मित्तल द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन में भाग लिया।

राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि तकनीकों को अपनाने से राज्य सरकार को मौजूदा सिस्टम का विश्लेषण करने, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने और गंभीर चुनौतियों के लिए नए समाधान खोजने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र की विशिष्ट ज़रूरतों और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम तकनीक की आवश्यकता के बारे में राज्य सरकार को जानकारी देने को कहा।

0000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई और चौंगखाम में आयोजित कई कार्यक्रमों के दौरान नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के क्रांतिकारी प्रभाव पर ज़ोर देते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। नामसाई में जीएसटी पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उप-मुख्यमंत्री ने जीएसटी सुधारों को “लोगों के लिए सुधार बताया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में जीएसटी की मजबूत वृद्धि दर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2017-18 में 227 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में यह लगभग 1,900 करोड़ रुपये हो गया, जो छह साल में 700% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

0000000000000000000000

सेंट्रल ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन, ईटानगर क्षेत्रीय कार्यालय ने आज ईटानगर स्थित इलेज़र इंग्लिश स्कूल में एक विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों तक पहुंचना और उन्हें सशक्त बनाना था, साथ ही एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए अच्छा पोषण, स्वास्थ्य और खुशहाली के महत्व पर भी ज़ोर दिया गया।

000000000000000000000000

जिला स्वास्थ्य समिति, पापुम परे (ग्रामीण) द्वारा कल सीएचसी दोइमुख से आगामी 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" की आधिकारिक शुरुआत की। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नाबम विवेक, उपायुक्त विशखा यादव और अन्य उपस्थित हुए। जिला स्तरीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में पापुम परे (ग्रामीण) के सभी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सब सेंटर शामिल होंगे।

000000000000000000000000

ईस्ट सियांग उपायुक्त सोनालिका जीवानी की अध्यक्षता में आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल पासिघाट में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी-सह-जिला विकास रिपोर्ट की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों में चल रही राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करने का निर्देश दिया।

000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 11 जिलों वेस्ट कामेग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, चांगलांग, तिराप और लोंगदिंग के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000